संरक्षणवाद की दीवार खड़ी कर रहे हैं कुछ देश

नई दिल्ली। भारत ने आज अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे कुछ देशों द्वारा अपनी वीजा व्यवस्था को सख्त करने पर चिंता जताई। इसके साथ ही भारत ने सेवाओं के व्यापार को लागू करने को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) समर्थित वैश्विक ढांचे पर जोर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि भारत ने डब्ल्यूटीओ को एक प्रस्ताव देकर सेवाओं में व्यापार सुविधा पर करार की मांग की है। उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों का उदाहरण दिया जो कुशल पेशेवरों की आवाजाही के लिए अपनी वीजा व्यवस्था को कड़ा कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा, 'अब विभिन्न देश सेवाओं के व्यापार के मामले में स्पष्ट तौर पर संरक्षणवाद की दीवार खड़ी कर रहे हैं।'

सामिट बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में मिंडमीन समिट 2017 को संबोधित करतीं वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) निर्मला सीतारमण।

छाया : पीआईबी